Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर में एस.एल.बी.एड. कॉलेज की लेक्चरर श्रीमती मीनाक्षी 15,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 20 मार्च गुरूवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी जोधपुर शहर द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए आरोपिया श्रीमती मीनाक्षी लेक्चरर, एस.एल.बी.एस.बी.एड. कॉलेज जोधपुर को 15,000/– **रूपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी जोधपुर शहर को एक शिकायत इस आशय की मिली की एस.एल.बी.एस.बी.एड. कॉलेज की लेक्चर श्रीमती मीनाक्षी द्वारा प्रथम वर्ष बी.एड. कॉलेज की परिवादीया छात्रा से उपस्थिति पूरी करनें व इन्टर्नशीप हेतु रिलीविंग लेटर देनें की एवज में 15,000/– रूपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरविजन में ए.सी.बी. चौकी जोधपुर शहर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चक्रवर्ती सिंह राठौड़** के नेतृत्व में ट्रेपकर्ता **उप अधीक्षक पुलिस श्री किशन सिंह चारण एवं पुलिस निरीक्षक श्रीमती सुनिता कुमारी** मय टीम के ट्रैप कार्यवाही करते हुए आरोपिया श्रीमती मीनाक्षी लेक्चरर, एस.एल.बी.एस.बी.एड. कॉलेज जोधपुर को आज 15,000/– **रूपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया।

आरोपिया से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामलें में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा व अन्य संदिग्धों की भूमिका की जांच की जायेगी।